**आकाशवाणी श्री विजयपुरम**

**दिनांक : 22.09.2024** **समय : 1905**

- **केंद्र सरकार ने युवाओं में तंबाकू के सेवन की समस्या से निपटने के लिए राज्यों और केंद्रशासित प्रदेशों को परामर्श जारी किया है।**
- **बेटी बचाओं बेटी पढ़ाओं अभियान के तहत आई सी डी एस शहरी परियोजना की ओर से जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। ।**
- **दक्षिण अण्डमान जिला प्रशासन की ओर से जिले के विभिन्न क्षेत्रों में अतिक्रमण हटाओं अभियान चलाया जा रहा हैं।**
- **द्वीपसमूह में स्वच्छता अभियान के तहत कई कार्यक्रमों के आयोजन किए जा रहे हैं।**
- **द्वीपसमूह के कुछ भागों में वर्षा हुई ।**

<><><><><><>

केंद्र सरकार ने युवाओं में तंबाकू के सेवन की समस्या से निपटने के लिए राज्यों और केंद्रशासित प्रदेशों को परामर्श जारी किया है। इसमें केंद्रीय शिक्षा मंत्रालय और स्वास्थ्य तथा परिवार कल्याण मंत्रालय ने मुख्य सचिवों को तंबाकू मुक्त शैक्षणिक संस्थानों के संबंध में दिशा–निर्देश और मैनुअल के प्रभावी कार्यान्वयन को सुनिश्चित करने को कहा है। केंद्र सरकार द्वारा जारी परामर्श में तंबाकू सेवन के खतरनाक प्रभावों को रेखांकित किया गया है इसमें विशेष रूप से नाबालिगों और युवाओं को तंबाकू और इलेक्ट्रॉनिक सिगरेट के उपयोग से बचाने के लिए तंबाकू मुक्त शैक्षिक संस्थान दिशा निर्देश जारी किए गए हैं इस परामर्श में ग्लोबल युक्त टबैको सर्वे दो हजार उन्नीस के निष्कर्षों के हवाले से विशेष रूप से बच्चों और किशोरों पर तंबाकू सेवन के खतरनाक प्रभावों का उल्लेख किया गया है इसका लक्ष्य तंबाकू के उपयोग के हानिकारक प्रभावों के बारे में जागरूकता बढ़ाकर और शैक्षिक संस्थानों में तंबाकू नियंत्रण उपायों को बढ़ावा देकर भावी पीढ़ियों की रक्षा करना है।

<><><><><><>

बेटी बचाओं बेटी पढ़ाओं अभियान के तहत आई सी डी एस शहरी परियोजना की ओर से गर्ल्स सीनियर सेकेण्डरी स्कूल में जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस अवसर पर अबर्डीन थाना उप–निरीक्षक नंन्दिनी ने पॉक्सो और तीन नए आपराधिक कानूनों के बारे में जानकारी दी। सीडीपीओ ज़रीना बीबी ने बेटी बचाओं बेटी पढ़ाओं अभियान और ए. एन एम. बीना ने व्यक्तिगत स्वच्छता के बारे में जानकारी दी।

<><><><><><>

दक्षिण अण्डमान जिला प्रशासन की ओर से जिले के विभिन्न क्षेत्रों में अतिक्रमण हटाओं अभियान चलाया गया है। स्कूल लाइन और छोलदारी गांव में चलाए गए अभियान के दौरान करीब पांच सौ वर्ग मीटर क्षेत्र को अतिक्रमणकारियों से मुक्त कराया गया। जिला प्रशासन ने लोगों से सरकारी सम्पत्तियों का आदर करने को कहा है। भविष्य में अतिक्रमण करने वालों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाएगी।

<><><><><><>

आगामी दुर्गा पूजा उत्सव की तैयारियों और इससे जुड़ी कानून व्यवस्था को लेकर दक्षिण अंडमान ज़िला उपायुक्त की अध्यक्षता में सत्ताईस सितम्बर को बैठक बुलाई गई है। इस सिलसिले में श्री विजयपुरम और फरारगंज तहसील की सभी पूजा समितियों के अध्यक्ष या सचिवों को इस बैठक में शामिल होने को कहा गया है। बैठक ज़िला उपायुक्त कार्यालय के सभागार में शाम पांच बजे से आरंभ होगी।

<><><><><><>

विद्युत विभाग का गाराचरमा साईट कार्यालय एक अक्तूबर से कार्य करना आरंभ कर देगा। यह नया कार्यालय पत्थरगड्ढा जंक्शन में विद्युत भवन के उप–संभागीय कार्यालय के दूसरे तले पर स्थापित किया गया है। इस साईट कार्यालय की स्थापना का उद्देश्य उपभोक्ताओं को बेहतर सुविधाएं प्रदान करना है और इस कार्यालय के माध्यम से नए कनेक्शन, बिलों का भुगतान और उनकी शिकायतों का समाधान भी किया जाएगा। विद्युत विभाग की वेबसाइट में जाकर गाराचरमा साईट कार्यालय से जुड़ने वाले उपभोक्ता अपने खाता संख्या की जांच कर सकते हैं। पूछताछ या सहायता के लिए उपभोक्ता मेल पर या फोन सख्या दो पांच शून्य दो पांच आठ पर संपर्क कर सकते हैं।

<><><><><><>

द्वीपसमूह में स्वच्छता अभियान चलाया जा रहा है। एकॉस्टी की ओर से हाल ही में रंगाचांग तट पर अभियान चलाया गया। इसमें विभिन्न विभागों के साथ पंचायती राज संस्थान के सदस्यों ने भी भाग लिया। कार्यक्रम में

श्री विजयपुरम नगरपालिका परिषद के संयुक्त सचिव अभिषेक भूखल ने स्वच्छता में सामुदायिक भागीदारी की आवश्यकता पर बल देते हुए ठोस और तरल कचरों को अलग–अलग करने का सुझाव दिया। सफाई अभियान में भारतीय वनस्पति विज्ञान के क्षेत्रीय प्रमुख डॉ. लालजी सिंह, प्रधान आर. परमाशिवम सहित अस्सी से अधिक स्वयंसेवकों ने भाग लिया। दो सौ किलो से अधिक समुद्री कचरों को अलग–अलग करके इसके निपटान के लिए स्थानीय पंचायत को सौंपा गया।

<><><><><><><>

रामपुर–दो और दशरथपुर–तीन में उप चुनाव को देखते हुए मध्योत्तर अण्डमान जिला प्रशासन द्वारा उनतीस सितम्बर और एक अक्तूबर को ड्राई–डे घोषित किया है। इन तारीखों में क्षेत्र में शराब की ब्रिकी पर प्रतिबंध रहेगा। यह आदेश सभी संबंधितों पर लागू होगा।

<><><><><><><>

अंडमान निकोबार चेस एसोसिएशन की ओर से द्वीपसमूह में अगले महीने के बारह और तेरह तारीख को सीनियर्स राष्ट्रीय आर्बिटर्स संगोष्ठी और परीक्षा का आयोजन किया जाएगा। इस आयोजन का उद्देश्य शतरंज में रूचि रखने वालों के लिए प्रमाणित आर्बिटर्स बनने और द्वीप समूह में स्थानीय आर्बिटर टीम को मजबूत करना है। उत्तर और मध्य अंडमान जिले और निकोबार जिले के लिए दो–दो सीटें आरक्षित हैं, जिससे द्वीपों के सभी कोनों से भागीदारी सुनिश्चित होगी। शारीरिक शिक्षा शिक्षकों को प्राथमिकता दी जाएगी, ताकि उन्हें भविष्य के शतरंज टूर्नामेंटों में महत्वपूर्ण भूमिका निभाने और स्थानीय शतरंज आयोजनों को मजबूत करने में मदद मिल सके। इस पहल से द्वीपों में शतरंज संस्कृति को बढ़ावा मिलेगा और राष्ट्रीय तथा राज्य दोनों स्तरों पर आयोजनों को संचालित करने के लिए अधिक स्थानीय मध्यस्थों को सशक्त बनाया जा सकेगा। निर्धारित शुल्क के साथ प्रतिभागियों को ऑनलाइन आवेदन करना होगा।

<><><><><><><>

प्रयास के तहत मध्योत्तर अंडमान ज़िले के हायर सेकेण्डरी स्कूलों के विद्यार्थियों के लिए अध्ययन दौरे का आयोजन किया गया। रंगत, मायाबंदर और डिगलीपुर के बिजली घरों में विद्यार्थियों को ऊर्जा उत्पति के बारे में जानकारी दी गई। विद्यार्थियों के साथ बिजली विभाग के तकनीकी कर्मियों की बातचीत में सवाल–जवाब सत्र का भी आयोजन किया गया।

<><><><><><><>

टैगोर राजकीय शिक्षा महाविद्यालय में दो वर्षीय बी एड डिग्री कार्यक्रम में आवेदन कर चुके उम्मीदवारों की श्रेणीवार और विषयवार अंतिम योग्यता सूची जारी कर दी गई है। परामर्श कल सुबह साढ़े नौ बजे से आरंभ होगी और नियमित कक्षाएं चौबीस सितम्बर से शुरू होगी। उम्मीदवारों से कहा गया है कि वे परामर्श के दिन अपने सभी मूल दस्तावेजों के साथ उपस्थित रहें।

<><><><><><><>

जवाहरलाल नेहरू राजकीय महाविद्यालय में पी.जी. पाठ्यक्रम की कुछ खाली सीटों के लिए परामर्श कल रखा गया है। इच्छुक उम्मीदवारों से अपने–अपने विभागों से संपर्क करने और सुबह नौ बजे उपस्थित होने को कहा गया है

<><><><><><><>

द्वीपसमूह के कुछ भागों में वर्षा हुई। श्री विजयपुरम में आज सुबह साढ़े आठ बजे तक छियासठ दशमलव चार मिलीमीटर, मायाबंदर में बयालिस दशमलव तीन मिलीमीटर, लांग आइलैण्ड में छब्बीस दशमलव दो, हटबे में तीन दशमलव दो, ननकौडी में दो और वायु सेना केन्द्र कार–निकोबार में एक दशमलव चार मिलीमीटर वर्षा रिकॉर्ड की गई। मौसम संबंधीपूर्वानुमानों में बताया गया है कि तेईस सितम्बर को द्वीपसमूह के कुछ भागों में भारी वर्षा होगी और हवा की गति तीस से चालीस किलोमीटर प्रतिघण्टे की रफ्तार से चलेगी।

<><><><><><><>